श्री उमरहार कुर्मी वंश प्रकाशः

॥ उमरहार वंशावल्या सहितः ॥

॥ सच ॥

श्री परमहंस परिव्राजकाचार्येण श्री १०८ अवधूतेन

स्वामिना आत्मानन्दसरस्वत्या निर्मितः

रामचेला प्रभृतिभिः प्रकाशितश्च ।

॥ सोऽयम् ॥

श्री महेश मुद्रणालयाध्यक्ष पं० शिवराम अग्निहोत्रिणा

कान्हपुर प्रान्ते मुद्रितः ।

"अनन्त व्रत भोमे सं० १९९० वैक्रमीये"

एक रुपया मूल्य है ॥ मूल्यम् १) मुद्रैकम् ॥ (एकं रूपकम्)

अस्य सर्वेऽधिकाराः राजशासनानुसारेण प्रकाशकेन स्वायत्तीकृताः

[रजिस्ट्री कृताधिकाराः स्वीकृताः]

यह पुस्तक

स्वामी जी की आज्ञानुसार

उमरहार रामचेला के मकान धनसिंहपुर

पोष्ट कोड़ाजहानाबाद जिला फ़तेपुर

यू० पी०

से मिल सकेगी।



श्री मत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्री १०८

अवधूत स्वामी आत्मानन्द सरस्वती,

स्थान—सोरही-जहानाबाद ।

ब्रजेश प्रेस, कानपुर ।

विषय सूची

	विषय			पृष्ठ
१		अथोपाक्रमा		१
२		कुर्मी शब्दो व्याख्याते		१०
३		जाति निर्णय		१५
४		प्रधान प्रतिनिधि सूचीपत्र		५०
५		पराक्रमःऽऽरभ्मते		५४

वंशावली ।

६	गोत्र	कौंडिल	कोढ़िहा	६०
७	,,	उपमन्यु	बेहटा खासी	६२
८	,,	कात्यानी	सुन्दरपुरिहा	६३
९	,,	धनञ्जय	लठहा	६४
१०	,,	उपमन्यु	बंगलहा	६५
११	,,	उपमन्यु	कुन्देरामपुर	६६
१२	,,	उपमन्यु	मौहाखेरिहा	७१
१३	,,	भरद्वाज	असद्दानहा	७२
१४	,,	भरद्वाज	मकन्दीपुरिहा	७४
१५	,,	उपमन्यु	भरहा खेरिहा	७५

	विषय			पृष्ठ
१६	गोत्र	भरद्वाज	गौंदहा वाले	७५
१७	,,	कश्यप	सीतापुरिहा	७७
१८	,,	भरद्वाज	बड़िगवा	७७
१९	,,	कश्यप	बकियापुरिहा	७९
२०	,,	काश्यप	हिम्मतपुरिहा	८०
२१	,,	उपमन्यु	आशापुरिहा	८०
२२	,,	भरद्वाज	धनसिंहपुरिहा	८२
२३	,,	कश्यप	बहुबहा	८३
२४	,,	क्रातिक	बुधौलिहा	८६
२५	,,	काश्यप	भैरमपुरिहा	८७
२६	,,	काश्यप	तबलहा	८७
२७	,,	शाण्डिल्य	झड़िहा	८७
२८	,,	वत्स	खटहा	८८
२९	,,	भरद्वाज	मकरहा	९१
३०	,,	भरद्वाज	हरिजनपुरिहा	९२
३१	,,	काश्यप	दांनहा	९३
३२	,,	भरद्वाज	रुसियहा	९४
३३	,,	भरद्वाज	बघइहा	९५
३४	,,	कश्यप	मेडलिहा	१००
३५	,,	काश्यप	अलियापुरिहा	१०१
३६	,,	शाण्डिल्य	बंभोलवहा	१०२
३७	,,	काश्यप	आंवरखेरिहा	१०२
३८	,,	भारद्वाज	डेउरिहा	१०५
३९	,,	शाण्डिल्य	अलमापुरिहा	१०८

	विषय			पृष्ठ
४०	गोत्र	कश्यप	रतवाखेरिहा	१०६
४१	,,	भारद्वाज	मेंहदिहा	११०
४२	,,	शांडिल्य	पतरिहा	११०
४३	,,	काश्यप	धमनहा	१११
४४	,,	गर्ग	दरियापुरिया	११२
४५	,,	भरद्वाज	डिघरुवहा	११४
४६	,,	काश्यप	मुरुकुटहा	११४
४७	,,	उपमन्यु	भैसहा	११५
४८	,,	भरद्वाज	कपिलिहा	११५
४९	,,	वत्स	मेढ़ापाटी	११५
५०	,,	उपमन्यु	मथुरापुरिहा	११६
५१	,,	कश्यप	माझेपुरिहा	११७
५२	,,	गर्ग	डेहरिहा	११६
५३	,,	शांडिल्य	हरबसपुरिहा	१२०
५४	,,	उपमन्यु	जहूपुरिहा	१२१
५५	,,		तेदुलिहा	१२३
५६	,,	भरद्वाज	विलरिहा	१२४
५७	,,	भरद्वाज	लेड़हा	१२४
५८	,,	भरद्वाज	जमुनियाँखेरिहा	१२५
५९	,,	शाण्डिल्य	साखेवाले	१२६
६०	,,	कश्यप	नन्दपुरिहा	१२६
६१	,,	कश्यप	खदरहा	१२८
६२	,,	कश्यप	गहरुखेरिहा	१२८
६३	,,	उपमन्यु	गौरीपुरिहा	१३०

	विषय			पृष्ठ
६४	गोत्र	शाण्डिल्य	सपुरहा	१३१
६५	,,	काश्यप	कंठीपुरिहा	१३२
६६	,,	उपमन्यु	बेहटिहा	१३३
६७	,,	उपमन्यु	पाराहा	१३६
६८	,,	कश्यप	बिहूपुरिहा	१३७
६९	,,	भरद्वाज	दानपुरिहा	१३९
७०	,,	उपमन्यु	पिपरिहा	१३९
७१	,,	शाण्डिल्य	खानपुरिहा	१४०
७२	,,	कश्यप	दिलवरपुरिहा	१४१
७३	,,	शाण्डिल्य	झंडहापुरिहा	१४२
७४	,,	काश्यप	महादेवपुरिहा	१४२
७५	,,	कात्यायन	सिंहपुरिहा	१४२
७६	,,	भरद्वाज	पैकापुरिहा	१४४
७७	,,	भरद्वाज	गुड़ेलनपुरिहा	१४४
७८	,,	भरद्वाज	नाथूखेरिहा	१४५
७९	,,	परम्परा	मकनियाँ खेरिहा	१४५
८०	,,	शाण्डिल्य	टड्वापुरिहा	१४६
८१	,,	उपमन्यु	सरहीवरहा	१४७
८२	,,	शाण्डिल्य	हसोलेखेरिहा	१४८
८३	,,	शाण्डिल्य	मदिहाखेरिहा	१४८
८४	,,	कश्यप	भाजीताला	१५०
८५	,,	शाण्डिल्य	बंधुरिहापुरिहा	१५०
८६	,,	कश्यप	पोखरिहा	१५०
८७	,,	कात्यायन	इच्छापुरिहा	१५१

	विषय			पृष्ठ
८८	गोत्र	गर्ग	खनपगार	१५२
८९	,,	भरद्वाज	अमिलिहा	१५२
९०	,,	भरद्वाज	निचौरिहा	१५२
९१	,,	शांडिल्य	दसोदरपुरिहा	१५३
९२	,,	भरद्वाज	हँढ़ियहा	१५३
९३	,,	भरद्वाज	टढ़ियहा	१५३
९४	,,	गर्ग	बिन्दकिहा	१५३
९५	,,	वत्स	नयापुरिहा	१५५
९६	,,	धनञ्जय	जियापुरिहा	१५५
९७	,,	भरद्वाज	धरमपुरिहा	१५६
९८	,,	वत्स	बोधीपुरिहा	१५६
९९	,,	काश्यप	गोसाईंपुरिहा	१५७
१००	,,	धनञ्जय	ढोलकिहा	१५७
१०१	,,	धनञ्जय	अम्बरपुरिहा	१५७
१०२	,,	धनञ्जय	लठहा	१५७
१०३	,,	काश्यप	पह्यावापुरिहा	१५८
१०४	,,	शाण्डिल्य	महमदपुरिहा	१५९
१०५	,,	काश्यप	गंगोलिहा	१६०
१०६	,,	शाण्डिल्य	रहमतपुरिहा	१६०
१०७	,,	उपमन्यु	भलिगवहाँ	१६१
१०८	,,	शाण्डिल्य	डेरहा	१६४
१०९	,,	गर्ग	हाटावाले	१६६
११०	,,	कश्यप	बहरौलिहा	१६६
१११	,,	काश्यप	बड़ाघराउ	१६९

	विषय			पृष्ठ
११३	गोत्र	काश्यप	गढ़वहा	१७७
११४	,,	काश्यप	विधनापुरिहा	१७७
११५	,,	भारद्वाज	जहानाबादी	१७१
११६	,,	भारद्वाज	भिखनीपुरिहा	१७१
११७	,,	भारद्वाज	सठिगवहाँ	१७४
११८	,,	कश्यप	रसूलहा	१७५
११९	,,	कात्यायन	भदूपुरिहा	१७८
१२०	,,	भरद्वाज	बाबूपुरिहा	१७९
१२१	,,	उपमन्यु	भगोनापुरिहा	१८१
१२२	,,	उपमन्यु	कोल्हुवहा	१८२
१२३	,,	कश्यप	औरहा	१८३
१२४	,,	वत्स	गड़वहा	१८६
१२५	,,	पराशर	खेड़िहा	१८७
१२६	,,	उपमन्यु	फिरोजपुरिहा	१९०
१२७	,,	वत्स	कनौरहा	१९२
१२८	,,	उपमन्यु	इटरहा	१९२
१२९	,,	उपमन्यु	अमौलिहा	१९५
१३०	,,	कश्यप	गोरहा	१९७
१३१	,,	काश्यप	खाँड़ेउरिहा	१९८
१३२	,,	कश्यप	सकट्टनपुरिहा	२००
१३३	,,	उपमन्यु	चिहुलपुरिहा	२००
१३४	,,	भरद्वाज	कल्याणपुरिहा	२०३
१३५	,,	भरद्वाज	पढ़िनिहा	२०३

	विषय			पृष्ठ
१३५	गोत्र	भरद्वाज	किरविहा	२०७
१३६	,,	भार्गव	श्यमवाँखेरिहा	२१२
१३७	,,	उपमन्यु	मयापुरिहा	२१३
१३८	,,	काश्यप	सैंठिहा	२१३
१३९	,,	कश्यप	सालेरामपुर	२१५
१४०	,,	उपमन्यु	रसरिहा	२१५
१४१	,,	भारद्वाज	रवाईपुरिहा	२१६
१४२	,,	कश्यप	अटइहा, दिलावरपुरिहा	२१६
१४३	,,	कश्यप	बावनखंभा	२१७
१४४	,,	भारद्वाज	सालेपुरिहा	२१७
१४५	,,	कश्यप	सोजेपुरिहा	२१९
१४६	,,	उपमन्यु	चिफुरिहा	२१९
१४७	,,	भरद्वाज	पहवार	२२०
१४८	,,	कश्यप	तरहन वाले	२२१
१४९	,,	काश्यप	अज्ञात	२२१

॥ ओ३म् ॥

॥ अथोपाक्रमः ॥

श्रीशम्बन्दे ! अद्य श्री परम पुराण पुरुषोत्तम परमात्मा के ब्राह्मय कल्पान्तर्गत । श्रीपरं ब्रह्म के दूसरे परार्द्ध में प्रथम दिवसारं भान्तर्गत द्वितीय प्रहरार्द्धगत ॥

श्रीश्वेत बाराह कल्प में वैवस्वत मन्वन्तर में अट्ठाइसवें कलि नामक युग चरण के प्रथम पाद में श्रीशालवाहन शाके १८५५ संख्या गत वर्ष में ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार के प्रथम प्रहर काल में श्रीचन्द्रवंशीय कमरहार कुर्मी वंशावली का समालोचन किया । समस्त विश्व का रचयिता तथा कारण अभिन्न निमित्तोपादान स्वरूप परमात्मा निर्विकार गुणातीत निरालम्ब निर्वाण लक्षण प्रथम अलक्ष्य [अलख] स्वरूप हुआ । तत्पश्चात् [तिसके बाद] अकार स्वरूप अलक्ष्य परमात्मा ही चित्सामर्थ्य का आश्रयी परंब्रह्म " नामरूपाभ्यां " रहित मेक सेवा द्वितीयं ब्रह्म " इति श्रुतेः; नाम रूप से रहित एकही अद्वितीय परं ब्रह्म हुआ । तदन्तर मंगलमूर्ति चित्प्रतिपालक सर्वान्तर्यामी परम शिव स्वरूप शक्ति गोपक शिव हुआ । तदन्तर चित्स्फूर्ति लक्षण कलामयी शक्ति हुई । तिसके पश्चात शिव शक्ति योग

स्फुटित पुरुष हुआ। तदन्तर पुरुष भावित चिद्भाव स्फोरक प्रकृति हुई। तत्पश्चात पुरुष और प्रकृति के क्षोभ से महत्त्व लक्षण प्रणव हुआ अर्थात ॐकार हुआ। तदन्तर वही वाक् स्फोट स्वरूप रुद्र हुआ। फिर वह व्यापक चित विष्णु हुआ। महाकाश लक्षणान्तरिक्ष स्वरूप महार्णव (समुद्र) अर्थात क्षीर सागर में शयन करने वाले विष्णु की शय्या स्वरूप बात लक्षण शेषाधार में विराजमान विश्नु की नाभि से उत्पन्न कमल कर्णि का मध्य में वही ब्रह्म "ब्रह्म यज्ञानं प्रथमं पुरस्तात विसामितः सुरुचो वेन आवः। सबुद्ध्या उपमा अस्य विष्टाः शतश्च योनि मसतश्चविवः" इतिश्रुतेः; हुआ। ब्रह्मा से आत्रि हुये और आत्रि से अश्रुविन्दु स्वरूप चंद्रमा हुआ। चन्द्रमा से बुध हुआ। बुध से पुरुरवा हुआ। पुरुरवा से यजाति हुआ। यजाति से यदु हुआ। यदु से भोज हुआ। भोज से कुविन्दक हुआ। कुविन्दक से कुर्मी हुआ। कुर्मीही की उमरहार संज्ञा हुई। उमर नामक वैश्य की कन्या को राक्षस विवाह विधान से हर लेने के कारण उमरहार कुर्मी कहाया। जिसकी वंशावली १४६ भेदों से लिखी गई है। बहु वंश में संस्कारों के आचार्य भेद से गोत्र भी भिन्न २ होगये हैं। जैसे कौडिन्य ऋषि के वंशज कौडिल आचार्य कुर्मी के सन्तानों में से किसी वंश के आचार्य हुये अतएव

उनका कौडिल गोत्र हुआ। बहुत दिनों के बाद वे कौडिहा कहाये। परन्तु गोत्र कौडिल ही रहा। इसी प्रकार वंशवृद्धि से आचार्य भी बहुत से होगये तब उन आचार्यों के गोत्र भेद से इन उमरहारों के गोत्र भी बहुत से होगये। उमरहार कुर्मी अपने गोत्र से भिन्न २ गोत्रों में प्रायः राक्षस विधान (डोला डालकर) विवाह संस्कार किया करते हैं। क्षात्रियोचित "हत्वा भित्वा च छित्वा च क्रोशन्ती रुदतीं गृहात्। प्रसाह्य कन्या हरणं राक्षसो विधि रुच्यते" (म. ३।३३) विवाह भी राक्षस विधान (डोला डालकर) ही श्रेष्ठ है। उमरहारों की स्त्रियां दाहिने हाथ में शंख तथा कांच की चूड़ियां नहीं धारण करती हैं। किन्तु दाक्षिण कर मार्ष्टिः (माठी) और कंकण धारण करके पवित्र रखती हैं। वास्तव में वीर क्षत्रिया के आभूषण भी मार्ष्टिः और कङ्कण हैं। यह विषय जाति निर्णय उमरहार कुर्मी वंशोपत्ति प्रकाश में भली भांति प्रमाणित किया गया है। इस समय वंशावली लिखने का कारण यह है कि उमरहार कुर्मी वंशजों में से बहुत से कुर्मी लोग आर्य समाज और जाति भ्रष्ट कपोल कल्पित कूर्म क्षत्रिय नामक समुदाय में फँसकर मूर्खता से मार्ष्टिः तथा कङ्कण को उतार कर दोनों हाथों में चूरियां पहिराकर और कांधे में तिलरा डोरा विधान रहित डालकर कुर्मी जाति से भिन्न नाम

(उमराव वंशीय कुर्मी कूर्मि क्षत्रिय महासभा) रखकर अब से पूर्व सात वर्ष के लगभग हो चुके जाति च्युत (भ्रष्ट) होगये हैं। इस पाञ्चाल देश में यदुवंशियों में से भोज नामक यदु-वंशी मथुरा से आकर उग्रसेन के राज्य शासन काल में बसे थे। श्रीमद्भागवत पुराण के दशमस्कंध के द्वितीयोध्याय का दूसरा तीसरा श्लोक इस प्रकार है "ते पीड़िता निविविशुः कुरु पाञ्चाल कैकयान्। शाल्वान्विदर्भान्निषधान्विदेहान्कोशलानपि" समस्त चन्द्रवंश वर्णन श्रीमद्भागवत पुराण के नवम स्कंध के चौदहवें अध्याय से प्रारम्भ करके चौबीसवें अध्याय पर्य्यन्त किया गया है। विस्तार भय के कारण श्री उमरहार कुर्मी वंशोत्पत्ति प्रकाश में नहीं लिखा गया है। किन्तु प्रमाण रूप में प्रतीकवत प्रकाशित किया गया है। सचानः कहकर उमरहारों नें अपनेही वंशज का परित्याग श्री अवन्तिकेश महाराजा भोजराज के समय में भ्रष्टाचारी होने से त्याग दिया गया था। सचानः शब्द की व्याख्या श्री उमरहार कुर्मी वंशोत्पत्ति प्रकाश में भली भांति की गई है। इसी प्रकार उतरायल भी यवन राज्य शासन काल में त्यागे गये थे। आज दिन पौराणिक प्रमाणों से प्रमाणित तथा स्मृतियों से भी प्रमाणित शब्द कोषों से भी प्रमाणित एवं व्याकरण से प्रमाणित चन्द्रवंशियों में पञ्चाल देशान्त-

गत तो उमरहार कुर्मी वंश ही पाया जाता है। अन्य क्षत्रिय चन्देल इत्यादिक भी हैं। उमरहार कुर्मी वंशजों को जाति भ्रष्ट होते देखकर वंशावली रचने का साहस किया गया है। इस उमरहार वंशावली में जहाँ तक जाति भर में बृद्धातिबृद्ध नाम पाये गये हैं लिखे गये हैं। कोई २ लोग तो पिता का नाम भी अज्ञात पाये गये हैं। इस कार्य को प्रथम उद्योगी पुरुष उमरहारों में रामचेला कौंडिल गोत्रज ही प्रधानतया उत्तेजित हुवा। वास्तव में रामचेला जातीय धर्म का कट्टर सम्पादक है। समस्त जाति के १२० प्रतिनिधियों के लगभग जातीय धर्म च्युतों के त्यागने में निमन्त्रित किये गये हैं। यों तो दो सहस्र उमरहारों नें पतितों के त्यागने का प्रस्ताव स्वीकार करके जाति भ्रष्टों को त्याग किया है। मार्ष्टिः तथा कंकण का अपमान करने तथा विधान रहित तिलरा डोरा कांधे में रखने के हेतु से ये मूर्ख जाति भ्रष्ट होकर पतित हो गये हैं। साथ ही साथ उमरहारों के ही त्यागे हुये सचानों से खानपान व्यवहार भी कर लिया इससे अधिक पतित होगये हैं। सचान लोग दक्षिण देश वाले जाति भिन्न कुनवी कटियार (कतिया) धोबी आदि मिलकर कूर्म क्षत्रिय नामक कल्पित संस्था में मिलकर अधिक पतित होगये हैं। कुनवी लोग मुर्गी इत्यादि खाते हैं। भ्रष्टों की

अधिक मीमांसा करना व्यर्थ ही है। उमरहारों में विशेष धनाढ्य तो नहीं हैं परंतु जातीय धर्म के पालन करने में वीर यदुवंशी हैं। इस पद्धति में मनुस्मृति, पाराशर स्मृति, औशनस्मृति, कान्यकुब्ज वंशावली, श्रीमद्भागवत पुराण और महाभारत तथा वर्ण विवेक चन्द्रिका से प्रमाण लिखे गये हैं। वेदों में ऋक्, शुक्लयजुः, कृष्ण यजुः, छान्दोग्योपनिषत् और वृहदारण्य को पनिषत् के भी प्रमाण लिखे गये हैं। कोषों में अमर कोष, मेदिनी, विश्व, हलायुधादिकों के प्रमाण लिखे गये हैं। व्याकरण में पाणिनीय व्याकरण और कात्यान वार्तिक तथा शाङ्करसूत्र से प्रमाण लिखे गये हैं। कपोल कल्पित कल्पना इस ग्रन्थ में किञ्चित् भी नहीं है। जहां कहीं प्रमाद से स्वर मात्रा वर्णादिक की अशुद्धि रह गई हो सज्जन वृन्द सुधार कर पाठ करेंगे। विद्वान पुरुषों को विशेष क्या लिखा जावे शमिति।

अवधूत आत्मानन्द सरस्वती,

स्थान—सौरहो कोड़ाजहानाबाद प्रान्त फतेहपुर। [यू० पी०]

सूचना—प्रिय उपस्थित महानुभाव यह उमरहार कुर्मी वंशोद्धारक महासभा क्यों हुई और इसमें अवधूत श्री १०८ स्वामी आत्मानन्द जी सरस्वती को भाग क्यों लेना पड़ा इसका कारण—एक समय स्थान सोरही में श्रीमान् परम पूज्य स्वामी जी एक अद्भुत बाघम्बर बिछाए उस पर बिराजमान थे बस।

(राधेश्याम)

पद—उस समय राम चेला कुर्मी सोरही में पहुँचा जाकरके।
श्रीमान् पूज्य स्वामी जी के चरणों में शीस झुका करके ॥ १
बस बैठ गया होकर निराश मस्तक नीचे करके अपना।
नेत्रों में आँसू भरे हुए जाहिर दुःख नहीं किया अपना ॥ २
यह दशा देखकर स्वामी जी बोले बेटा क्यों घबराये।
सब सच्चा हाल कहो हमसे किस कारण सोरही में आये ॥३
चेला ने कहा महात्मा जी इस दम हमको दुःख भारी है।
विपरीति धर्म के चलने में इक टुकड़ी हमसे न्यारी है ॥ ४
मत भेद उमरहारों में कुछ छै सात वर्ष से जारी है।
सम्बन्ध खान अरु पान रुका बस इससे दिकत भारी है ॥ ५
कुल मर्यादा को तज करके एक नूतन प्रथा निकाली है।
डोरा लटकाया कन्धे पर दोउ हाथ में चूड़ी डाली है ॥ ६
हम लोगों ने उन लोगों से पूछा तो यह बतलाते हैं।

शहरों में अधरंडा बाबू कह करके लोग चिढ़ाते हैं ॥ ७
है और नहीं कारण कोई बस एक शर्म का कारण है।
हम क्षत्री हैं इस लिये योग्य चूड़ियाँ जनेऊ धारन है ॥ ८
दोहा—सिर्फ शर्म के वास्ते छोड़ी कुल की आन।
मेट दिया निज धर्म को यह है दुःख महान ॥ १
इस प्रकार से जब किया चेला ने इजहार।
बोले स्वामी जी तभी है मुझको स्वीकार ॥ २
पद—पर एक बात सुन लो मेरी जिस पर तुमको चलना होगा।
सम्बन्ध सभी त्यागन करके अब धर्म मार्ग गहना होगा ॥ ९
बेटा भाई अरु बाप सगा नाना फूफा जीजा आदिक।
होगये धर्म से च्युत जो जो छोड़ी कुल की मर्यादा आदिक ॥१०
त्यागना पड़ेगा इन सबको जीवन पर्यन्त सुनो तुमको।
यह शर्त अगर मंजूर तुम्हें तो है इंकार नहीं हमको ॥ ११
तब चेला ने कुछ समय मांग जातीय प्रमुख गण लेकरके।
स्वीकार आपकी है आज्ञा यह कहा सबों ने मिल करके ॥ १२
इस तरह अटल विश्वास देख उन लोगों में स्वामी जी ने।
देंगे इक मास तुम्हें टाइम यह बचन दिया स्वामी जी ने ॥ १३
प्रत्येक गांव में जा जा कर हम वंशावली तयार करें।
साथ ही साथ उमरहार वंश की पद्धति का परचार करें ॥ १४
दो०—चैत्र शुक्ल तिथि पंचमी रोज बृहस्पति वार।
स्वामी जी के साथ सब चले बचन सिर धार ॥ ३ ॥

पद—बारह केन्द्रों में जाकरके लगभग सवाय सै ग्रामों की।
एक वंशावली तयार करी हर एक घरों के नामों की॥ १५
कुल वेद रीति अरु जगत रीति दोनों को लोग मानते हैं।
पर कुछ भाई इसके खिलाफ अपनी ही तान तानते हैं॥ १६
हम इसके कायल नहीं मित्र फैसन पर मर्यादा तोड़े।
माँ बाप से अपने पैदा होकर सदाचार को क्यों छोड़ै॥ १७
क्या अब तक कुर्मी वंश में कोई पढ़ा लिखा नर हुआ नहीं।
जो खाक डाल कुल रीती पर चूड़ियां जनेऊ गहा नहीं॥ १८
हर एक कौम को यही उचित अपने कुल की मर्याद गहे।
बस इसी लिए इस सभा बीच द्विज सबसे निज फरियाद कहै १९
हमको सब भाई प्यारे हैं यह एक वंश के बच्चे हैं।
जो कुल की मर्यादा तोड़े वह धर्म के बिलकुल कच्चे हैं॥ २०
कुल द्रोही होकर दुनियां में इंसान न हरगिज रह सकता।
यह समझ लेखनी रुकी यहीं इस लिये न आगे कुछ कहता २१

ले० पण्डित रमाशंकर दीक्षित
स्थान कोड़ा जहानाबाद,
प्रान्त फतेहपुर। (यू०पी०)

अथ कुरमी शब्दो व्याख्यायते-

ननु कुरमी शब्दो रूढ़ि गतो वयो गरूढ़ि गतोऽथवा धात्वार्थ निरूपकोऽस्ति। लोके मानवानां मध्ये जात्यन्तराले क्षत्रियाणां मध्ये यदुवंशान्तर्गत कुरमी शब्द वाच्यो मनुष्य समुदायो वर्तते एतातो लोके कुरमी शब्दो जाति विशेष रूढ़ि गतः समुच्चार्यते मनुष्यैः। परञ्च वस्तु प्राप्ते सति वाच्य वाचको भावो भवितुमर्हति नान्यथा तस्माद्रूढ़ि गतो नास्ति। विशेष्य विशेषणा भावा द्योग रूढि गतोऽपि नोस्ति धात्वर्थ निरूपके विचार्यते। कौ पृथिव्यां रमत हीति कुरमः 'योग विभागादच् प्रत्ययः' ताच्छील्ये जीविका कर्म करण विशेषेत्वानि प्रत्यये कृते सति 'कुरमः शीलमस्यास्ति, इति कुरमी शब्दो भवति। कुशब्दो मही वाचकः। श्रूयतेहि जाति संपादको मंत्रः 'ब्राह्मणोऽस्य मुख मासीद्बाहू राजन्यः कृतः,,। यद्वा "ब्रह्मणे ब्राह्मणम्" (शु० यजुर्वेद सं० अ० ३१।३० मं० ११,५)इत्यादिभ्यो मन्त्रभ्यो वेदे जाति निरूपणं पुरातनेकाले ब्राह्मणादीनां सवर्णानां च संकर जातीनामपितु "नृत्ताय सूतं गीताय शैलभं,,इत्यादिभ्या मन्त्रभ्य इति। स्मर्यते वर्ण विवेक वर्ण विवेक चन्द्रिका नामक ग्रन्थे "शंकुकारात्मजाःसर्वे वभूवुश्चित्र कारिणाः। कुविन्द कात्मजौ जातौ कैरी कुर्मीति

संज्ञकौ ॥,,४१॥ "क्षत्रे कर्माणि निष्णातौद्विज भक्ति परायणौ तयो पुत्राः प्रपौत्राश्च शूद्र वर्णे प्रतिष्ठताः,, ॥ ४२॥ अत्र कुर्मी यद्वा कुरमीतिद्वाभ्या प्रकाराभ्या मपि सार्थकतांनजहाति। परन्तु कुरमी शब्द एव लोके बहुतरां प्रसिद्धः। कुर्मीयत अनेनेति कुर्मी। द्वाभ्यां प्रकाराभ्यामेव मूलत्वन्नहीयते। मानञ्च रमणान्त्वपि समान व्यवहारो लोके भवत्येव। यद्वा कुश्चरश्चेति कुरौ। कुरौमीयेत अनेनेति कुर्मी रेफ ग्रहणन्तु पावक बीच कत्त्वं प्रकाश्यते। भगवता पराशरेणापि स्मर्यते पाराशर्य्याम्। "दासनापितगोपाल कुलमित्रार्द्धसीरिणः। एते शूद्रेषु भोज्यान्ना यश्चात्मानं विधीयते,,॥ (पा. ११।२२) रलयोरभेदः कुलमित्रार्थात् कुलमित्र शब्दो भवितु मर्हति। देवनागरिकास्तु त्रकारं परित्यज्य कुरमीति व्यवहरन्ति किंचिदपि कुलमानम्मीयते त्रायते चेति कुलमित्रम्। पूर्व कालेहि एवा किं बदन्ती जन श्रुतिः। क्षत्रिय कात्कुर्मिणो वैश्य कन्यायां जातो यः सुकुरमीत्युप नाम संज्ञा जाति सूचकी ज्ञाता। अतएव कुरमी यद्वा कुर्मी शब्दो जातिवाचक इति सिद्धम्। तस्माद्धत्वर्थ निरूपकोऽस्ति-कुरमी शब्दइत्यलंपिष्ट पेषणे नेतिशम् ॥ ननु कुरमीजातेः किंल्लक्षणमित्याशंक्य लक्षणमाभिधीयते ॥ यस्मात्क्षत्रियेण वैश्य कन्या परिणीता तस्मात्कृषि कर्म तेनाङ्गीकृतम्। राज्याधिकारे भूमि रमणं च वैश्य कर्माधिकारेऽपि भूम्यां रमणं समधि

कृत्यतेन साध्वङ्गी कृतं जीविकोपि जीवन मिति । कुरामिणं च्यायत इति कुरमित्रम् "योग विभागादच्" कुरमित्रः । यद्वा कुले मित्रः सूर्यः समत्पन्न इति कुलमित्रः यदा वैश्य कन्या या विवाह समयः समागतस्तदा तामुमरजां राक्षस विवाह विधानेना यहत्य वैशाद्भेद प्रदर्शनार्थं तेम "वामं वामा करं शुभमित्यादिकृत्य वाम हस्ते सौभाग्य कर्म संस्कारे सौभाग्य चिन्हं शंख धारणं स्वत्न्या मकायत सः । वैश्याद्भिनोऽहं तेन प्रदर्शितम । साधु कुर्मीणान्त्वेषाहि प्रणाली लोके वर्तते । दक्षिण हस्ते शंख धारणेन क्षेत्र व्यवहारेऽपि शंख भंग दोषापत्तिः समायाति । खनन कर्माणि शंख भंग भयादेव दक्षिण हस्ते शंख धारणं न समीचीनं नित्य प्रायश्चित्त दोषापत्तेः । किन्तु वीराङ्गनाभिस्तु दक्षिणकरेवीरकङ्कणं मार्ष्टिश्चालंकर्तव्यम् । तस्मान्मार्ष्टिश्च कंकणं धारणं सव्य कर नारीभिस्तनाङ्गीकृतम् । ततः सपिण्डऽत्वप्राप्ते सापद्धतिः सदाचार समागतः । सदाचारस्तु सदोदितो भवत्येव । क्षत्रियैर्वैश्य कन्याभिस्साद्धं विवाहः साधूदितः । यथाऽऽमनुः "शूद्रैव भार्याशूद्रस्य साच स्वाच विशः स्मृत । तेच स्वाचैव राज्ञश्चताच स्वाचाग्रजन्मनः" । (म० ३ ।१३) । सवैश्यकुलोत्पन्नयाभार्यया कृषि कर्म कारयितुं प्रतिज्ञामकारत । वीराङ्गनानां दक्षिण करस्तु मार्ष्टिः कंकणादिभिः पवित्रैराभूषणै रत्नं कर्तव्य इतिवीरोदिता पद्धतिः ।

एषा सदाचारे सपिण्डत्वे परिणता जाता। सदाचार त्यागे न जातिच्युत कुलक्षयदोषापत्तिः। उमर कन्या विवाहिताऽनेन वृत्तिरपि समाहृताऽतं उमरहार संज्ञा जाता कुर्मीणामिति। अतोऽग्रे उमर हार शब्दोऽपि मीमांसितव्य इति। एकाक्षरी कोषे "उकारस्तुशिवः प्रोक्तः,, "मश्चन्द्रोऽपि विधीयते,, । तस्मात्- उत्तमश्चेति उमौ; उभयोरमतेयः सइतिहि उमरः वैश्यः (योग विभागादच्प्रत्ययः) उमराणां सदाचारः कन्यापिच समाहृ- यतेऽनेनेति उमरहारः। कुर्मी वंश संचालनारंभे हि उमरहार एव प्रथमः। इतोऽग्रे कुरमी वंश संचालनानन्तरं कुर्मी वंश सदाचार परित्यागात्सचानादयः कुलाचार सदाचार विमुखः 'कूर्मी, 'कूर्मक्षत्री, इत्यादि नामधार का वहवो वभूवुः। उमरहारै रेवानभिज्ञ सदाचारात्सचानइति संज्ञाकृता सजाती- यानांलक्ष्मवारणार्थम्। येन पुरातने काले द्वयोः हस्तयोः शंखधारणादिकं सदाचार विगर्हितं कर्म कृतं तस्य सचान इतिसंज्ञोमरहारैः कृता। अत्रचकार श्च्छेदकार्थकः सचइति- सदाचारात्त्यक्त इति ज्ञापकार्थकः। अनइति शकटार्थे प्रकार ज्ञापकार्थकः। सचानः कोऽर्थो वहुमतावलंविकः। "कुत्सायां- कन्,, इति। यथाशकटे वहुप्रकारकानिवस्तू निसंभरन्ति कृषी- वलाः तथैव सचानाः शकटवद्भान्ति नाना मतावलंवनात्। पुनर्विवाहादि संग्रहणाच्च। अतः सचानादिकैः सार्द्धं कदापि

सम्मेलनं नभवितव्यम् उमरहाराणामितिदिक् । अनुरोधयामो वयंसजातीयानां; भो ! सजातीया उमरहाराः ! भवद्भिः कदापि न कर्तव्यं संमेलनं विजातीयैः सचानादिभिः सार्द्धमित्येषा-ऽभ्यर्थनाऽस्माकंश्रूयन्ताम् । इमेत्यक्त सदाचार कर्माणः कदापि नमेलनीयाइति विचारयन्तुसुज्ञाः यतोऽभ्युदयानिश्रेयसः सिद्धिः सधर्म,, इति कुरमी शब्द मीमांसा समाप्ताः ।

अथ जाति निर्णयः-

श्री परम पुरुष जगन्निर्माता परमेश्वर को स्मरण करते हुए लोकमें सजातीय विजातीय आन्दोलन विकसित देखकर जाति निर्णय करने के निमित्त प्रथम सृष्टि क्रमोल्लेखनारंभ करता हूँ इसलिए विलक्षण जगत् में आधुनिक काल में जगन्निर्माता के विषय में बहुतों का मत है कि जगत् को रचने वाली प्रकृति है। तहाँ पर यह विचार कर्तव्य है कि प्रकृति क्या है? देववाणी का समुच्चारित प्रकृति शब्द है। पाणिनि आचार्य अपनी अष्टाध्यायी में "जनिकर्तुः प्रकृतिः,,

ऐसा सूत्र लिखते हैं। यद्यपि यह सूत्र कारक विषयक है तथापि सूत्रार्थ इस प्रकार है; कि जन्म करने वाले की प्राकृति ही उपादान कारक है। तो प्राकृति क्या है? यह बात सिद्ध नहीं हुई। व्याकरण रीति से ही विग्रह इस प्रकार है कि- 'प्रक्रयतेऽनयेति प्रकृतिः, जोरावरी के साथ किया जाता है इसके द्वारा अतएव इसकी प्रकृति संज्ञा है। संज्ञा नाम बाचक का है तो प्रकृति शब्द का वाच्य क्या है? दिक् है? या देश है? अथवा काल है? रचना के मध्य में दिशाओं की कल्पना होती है अतएव दिक् नहीं है। देश नाम काल्पनिक

बिन्दु का है अतएव देश भी नहीं है। काल नाम रचना-रंभ विनाश सूचक गति विशेष मान मात्र है अतएव काल भी प्रकृति नहीं हो सकती ! तो फिर प्रकृति नाम शक्ति का पर्यायी शब्द है ! शक्ति नाम सामर्थ्य का बोधक शब्द है। प्रकृति अर्थात् सामर्थ्य निराधार है या साधार है। आधार के बिना सामर्थ्य (प्रकृति) का विकाश (कार्य) हो नहीं सकता। अतएव निराधार होना असंभव है। चिद्धातु का सामर्थ्य लक्षण ही प्रकृति है। इस विषय में प्रमाण "अइउण (१) शांकर सूत्र है। "अकारः परमात्मा (चिद्धातुम्) इकाराख्यां चित्कलां स्वशक्तिं (स्वसामर्थ्य) समाश्रित्य उकाराख्यं ब्रह्म लक्षणःशिवो (ण) असीत्„। परमेश्वर अपनी कलात्मक शक्ति अर्थात् चित्कला (सामर्थ्य) को आश्रय लेकर 'ब्रह्म, लक्षण शिव हुआ। यह शांकर सूत्र का अर्थ हुआ। इससे सिद्ध है कि परमात्मा (शिव) की भावना शक्ति ही प्रकृति है वह प्रकृति अभ्यास सामर्थ्य स्वरूप है। अतएव एक अद्वतीय परमात्मा ही है ब्रह्म परमेश्वर का भावित स्वरूप है। प्रकृति परमात्मा की भावित शक्ति है। जीव परमात्मा का षोडश (सोलह) कलात्मक भावित संज्ञा मात्र नाम है वास्तव में सब कुछ एक ही वस्तु है। श्रुतिया भी हैं "एक एवद्विर्णयं ब्रह्म". 'आत्मावै ब्रह्म' 'सईक्षा चक्रे' ,'तदैक्षत

बहुस्या प्रजायेय' 'सप्राण ममृजत' आगे विस्तार भय से नहीं लिखता। वह परमात्मा अपने आप अपने सामर्थ्य से अपने में अपने को नाना विध रचता, पालन तथा विनाशता है। यही उसका आस्तित्व है। शक्ति मुख्यतः चार प्रकार की है स्वभाव की, ज्ञान, बल और क्रिया। इन चारों प्रकारों से छः प्रत्ययरूप परिच्छेद हुये। देश, काल, वस्तु, स्वगत, विगत और परोक्ष। स्वगत नाम स्वजातीय विगत नाम विजातीताय परोक्ष नाम दृष्टि से परे। सोलह कलायें—प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, अग्नि, जल, भूमि, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म, लोक और नाम ये सोलह कलावों के नाम हैं। बस कला पूर्ण सर्वज्ञ ईश्वर तथा कला-हीन अल्पज्ञ जीव ये परमात्मा में भाव हैं वेद में 'ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्य जायत'। इत्यादिक मन्त्रों द्वारा सृष्टि रचना का क्रम वर्णन किया गया है। वेद में भी औपपत्तिक क्रम से 'चन्द्रमा मनसो जातः' इत्यादि से विराट् स्वरूप का भी वर्णन किया गया है। वेद और स्मृतियों में सदाचार-कुलाचार आदिक आचारों तथा व्यवहारों की पद्धति सहित जीव को पजीवन की जाति संज्ञा की है। जाति के तीन लक्षण हैं। स्वभाव (वीर्य परंपरा सहित सहित संस्कार परंपरा पद्धति) गुण [विद्या का अध्ययन

कलावों सहित] कर्म [यथा योग्य जीविकार्थ कर्म व्यवहार]। अतएव कर्म, गुण और स्वभाव से ही जाति का परिचय होता है। अब आगे केवल कुर्मी जाति का निर्णय लिखता हूँ। यहाँ पर जाति निर्णायक स्वजातीय होता है विजातीय बेचारा क्या जानै विजातीय का गुण कर्म स्वभाव पूर्ण जातीय धर्म। धर्म क्या है ?। "यतोऽभ्युदय निश्रेयसः सिद्धिः सधर्मः,,। वैशिक दर्शनकार कणाद महर्षि लिखते हैं कि जिस जाति का यह लोक और परलोक दोनों जिस प्रकार के सदाचार व्यवहार जीविका तथा परमार्थ सिद्ध हो जावें उस जाति का वही धर्म है कुर्मी शब्द जाति बोधक कैसे माना जावे ?। कुनाम है पृथिवी का रमी कहते हैं रमण करने वाले को अतएव जो पृथ्वी को रमण करे अर्थात् भोग करे (जोतना बोना आदिक कृषि कर्म द्वारा अन्न धन सम्पत्ति उत्पन्न करे) उस मनुष्य को कुर्मी कहते हैं। कुरमी शब्द का मुख्य नाम पराशर महर्षि कुलमित्र कह कर निर्देश किया है। कुलमित्र शब्द इस प्रकार बना है। रेफ और लकार का कोई भेद नहीं है। यथा कौ पृथिव्यां लमते = रमतेऽसौकुलमी ॥ कुरमी। कुलमिनं = कुरमिणन्त्रायतेऽअनेनेति कुलमित्रम् पुरुष विशेष कुलमित्रः। कुलमित्र का अर्थ भी 'जाति

का जो रक्षक रूप मुखिया आचार का निर्माता हो उसको कुलमित्र अथवा कुरमित्र कहते हैं, अतएव कुर्मी सदाचार के निर्माता का नाम कुर्मी ही नाम का पर्यायी 'कुलमित्र' नाम है। पाराशरी स्मृति में भी लिखा है। "दासनापित् गोपाल कुलमित्रार्द्धसीरिणः। एतेशूद्रेषुभोज्यान्ना यश्चात्मा-नंविधीयते„ (पा० ११।२२) पुरातन कालिक जाति संशोधकों ने भी लिखा है कि-यदुवंशान्तर्गत भोज वंश में उत्पन्न कुविन्दक नामक यदुवंशी के दो पुत्र उत्पन्न हुये। ज्येष्ठ का नाम कैरी तथा कनिष्ट का नाम कुर्मी हुवा। कुर्मी के संस्कार कर्णवेधपर्यन्त बराबर पिता के द्वारा हुये। तिसके पश्चात् कुविन्दक का देवलोक होगया अतएव मुख्यकाल में यज्ञोपवीत संस्कार न हो सका। किन्तु गौणकाल (११ वर्ष के बाद २२ वर्ष के भीतर) में विवाह समय आने पर मातृ पूजन के दिवस यज्ञोपवीत संस्कार स्वतः आचार्य द्वारा किया। कालान्तर में कुर्मी वंशज विवाह के दुर्गा यज्ञोपवीत समय में कन्या से प्रथम वर की साधारण रीति से यज्ञोपवीत संस्कार करने लगे। दशवारी होने के पश्चात् मंडप सेराने के समय में कुर्मी ने अपने यज्ञोपवीत को काँधे पर से विसर्जन कर दिया था परन्तु त्रैष नहीं किया था। जब खेती का काम हल जोतना कुर्मी ने त्याग किया तब फिर

भी गले में माला के सदृश यज्ञोपवीत को धारण कर लिया था। जब देव कार्य कुर्मी करते थे तब यज्ञोपवीती [बायें कांधे पर सूत्र दाहिनी पार्श्व की ओर लटकाते] होते थे पितृ कार्य में प्राचीन बीती [दाहिने कांधे पर सूत्र बायें पार्श्व की ओर लटकाकर] होते थे। सदैव सम्बीती अर्थात् निवीती [माला के सदृश यज्ञोपवीत को गले में धारण करते] रहते रहे। अब तक भी उमरहारों के वृद्ध पूर्वोक्त रीति से सन्तानों के संस्कार करते कराते आते हैं। कुर्मी युवावस्था आने पर उमर संज्ञक वैश्य वर्ण की कन्या राक्षस विवाह विधान से [डोला डाल कर] ग्रहण की और उसी समय में अपना यज्ञोपवीत संस्कार किया। फिर विवाह संस्कार करके वैश्य कन्या को वीर पत्नी बनाया अर्थात् दक्षिण हाथ में अपना कंकण तथा वीर बधू का आभूषण पवित्रालङ्कार विशेष (मार्ष्टिः) धारण करवाया अपने को चन्द्रवंशान्तर्गत यदुवंशी होने का परिचयरूप कंकण तथा मार्ष्टिः अपनी विवाहिता स्त्री की दाहिनी कलाई में धारण कराकर वीर पुरुष की स्त्री का वेष रखता हुआ संसार में सदाचार प्रख्यात किया क्षत्रिय-जाति का मुख्य विवाह संस्कार राक्षस विधान से (डोला डाल कर) ही शास्त्र में "हत्वा छित्वा चभित्वा

च क्रोशंतीं रुदतीं गृहात् । प्रसह्य कन्या हरणं राक्षसोविधिरुच्यते" । (म० अ० ३।३३) "चतुरो ब्राह्मणस्याद्यान प्रशस्तान्कवयोविदुः । राक्षसं क्षत्रियस्यैक मासुरं वैश्य शूद्रयोः (म० अ० ३।२४) कहा है । जबसे उमर वैश्य की कन्या का हरण किया और कृषि कर्म भी हर लिया तबसे कुर्मी की ही उमरहार संज्ञा हुई । वीर क्षत्रिया के सिवाय मार्ष्टिः कंकण दाहिने हाथ में अन्य स्त्री नहीं धारण कर सकती है यदि उमरहारों की स्त्रियां मार्ष्टिः कंकण मात्र को दाहिने हाथ में न धारण किये होतीं तो उमरहारों के क्षत्रित्व का पता न रह जाता । जिस समय उमरहार मार्ष्टिः और कंकण को 'स्त्रियों के आभूषणों को' स्त्रियों से त्याग करवा देंगे उसी समय उमरहार लोग शूद्र वर्ण में प्रतिष्ठित हो जावेंगे । जैसे सचान और उतरायल आदिक शूद्र वर्ण में प्रतिष्ठित् होगये हैं । जब कुर्मी ने विवाह संस्कार वैश्य कन्या के साथ किया तब उस वैश्य कन्या के सौभाग्य कर्म में "वामं वामा करं शुभम्,, बायां हाथ स्त्री का शुभ होता है । ऐसा बिचार कर उस कुर्मी (कुलमित्र) ने दक्षिण हाथ में तो कंकण मात्र और बायें हाथ में सात या पांच शंख (शंख की चूड़ियाँ) पहिरवाई ! ऐसा क्यों किया ?। 'वीर पुरुष की स्त्री दक्षिण हाथ को पवित्र रखती हैं । दक्षिण हाथ में वीर

पुरुष पतिदत्त कंकण तथा मार्ष्टिः नाम का आभूषण धारण करती हैं, । तात्पर्य यह था कि वैश्य कन्या होने से खेती का काम यानी जोतना बोना निराना गोड़ना आदिक व्योहार क्षेत्र विषयक सभी कर्म उस कन्या को ही विदित थे। अतएव कुर्मी (कुलमित्र) ने उस कन्या से सप्त पद क्रमण में हल जोतना छोड़ कर सारा खेती के काम का संकल्प करवाया और चूरी फूटने की दोषापत्ति के कारण दाहिने हाथ में शंख (चूरी) सौभाग्य कर्म में ही नहीं पहिराई । विवाह कर्म मात्र करके वह कन्या अपने पिता के साथ पिता के घर चली गई इतने में कन्या के पिता ने अपने कुल में रहने के कारण उस कन्या को शुभ दिन में दोनों हाथों में शंख (चूरिया) पहिरवा दीं थीं। परन्तु द्विरागमन कर्म अर्थात् चौक में वह कुलमित्र (कुर्मी) दाहिने हाथ की शंख (चूरी) 'जो विवाह के बाद पिता ने पहिरवाई थीं, उतरवा डालीं और मार्ष्टिः (माठी) पहिरवा कर चौक कर्म (द्विरागमन संस्कार) किया बाद में उस कन्या को अपने घर लेगया। फिर कभी भी आमरणान्त दाहिने हाथ में शंख (चूरी) नहीं पहिराई। अनधिकार होने से वह कन्या (कुर्मी की स्त्री) भली भाँति कृषि कार्य को संचालित किया। केवल हल मात्र कुर्मी (कुलमित्र) ने स्वयं जोता। ऐसीही

पद्धति ठीक ठीक अब भी उमरहारों में चली जारही है। विवाह संस्कार में अभी भी उमरहारों के यहाँ विवाह ही होता। अर्थात् केवल छः भावरें होकर बन्द कर दिया जाता है। फिर द्विजातियों के अनुसार द्विरागमन संस्कार शुभ मुहूर्त में चौक कहकर उलटपाटा रूप सातवीं भाँवर उमरहारों के यहाँ होती हैं। जब तक चौक नहीं होती तब तक लड़की पति के घर नहीं जाती। न वह पुरुष ससुराल ही जावे। द्विरागमन संस्कार बाद जाना आना होता है। यही पद्धति अभी भी श्रेष्ठ कान्यकुब्ज ब्राह्मणों के यहां प्रचलित है। समस्त संस्कार कर्म इस अन्तर्वेद भूमि में शुक्ल यजुर्वेद और सामवेद द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों के होते हैं। इसी प्रकार यजुर्वेद के द्वारा तथा यजुर्वेदीय कात्यायन सूत्र द्वारा कर्म काण्ड उमरहारों के भी होते हैं। क्योंकि गुरू अथवा पुरोहित कान्य-कुब्ज हैं। ऋग्वेदीय ब्राह्मण कान्यकुब्जों में कोई नहीं है। आश्वलायनादिक सूत्र ग्रन्थ गुजरातियों तथा दक्षिणियों (महाराष्ट्रों) में प्रचलित है। इस देश में विशेष करके यजुर्वेद और कात्यायन श्रौत तथा परस्कर गृह्य स्मार्त ही प्रचलित हैं। ऐसी ही पद्धति उमरहारों की भी है। उमरहार शब्द का अर्थ इस प्रकार है कि 'उकारः शिवो मकारश्चन्द्रमा। उश्च मश्चेति उमौ। उमयोः रमत इति उमरः। उमर कन्या वृत्तिश्च हयत इति

उमरहारः" 'मध्यमपद लोपी समासः'। उकार नाम शिव का है मकार नाम चन्द्रमा का है। शिव परमात्मा ही है चन्द्रमा औषधियों का राजा है। खेती से ही अन्नादिक औषधियाँ उत्पन्न की जाती है। अतएव उकार मकार अर्थात् परमेश्वर और चन्द्रमा में जो रमै उसको उमरः कहते हैं उमर नाम वैश्य का है। वैश्य कन्या अथवा वृत्ति को जो हर लेवे उसका नाम उमरहार है। कुलमित्र शब्द का अपभ्रंश हिन्दी भाषा में 'कुरमी' कहते हैं। अतएव सिद्ध है कि उमरहार कुर्मी ही समस्त कुर्मी जाति में प्रथम से हैं और उमरहार कुरमियों का सदाचार, कुलाचार व्यवहार भी आदि में जैसा चालू हुवा वैसाही अब तक चला आता है। उमरहारों के घरों में समस्त प्रजा भोजन करती है। उमरहार कुरमी पुरोहित अथवा गुरू इन्हीं के बनाये भोजन कच्ची पक्की रसोई खाते पीते हैं। क्षत्रियों के यहाँ पक्की का खाने पीने का व्यवहार है। गौतमादिक भी पक्की उमरहारों के घरों में खाते पीते हैं। सोरह संस्कार तो प्रायः ब्राह्मणों के यहाँ भी सब नहीं होते हैं। इस समय में तो क्षत्रियादिकों के यहाँ की कथा ही क्या है !!! ब्राह्मणादिकों में प्रायः पुंसवन और सीमन्तोन्नयन संस्कार भ्रष्ट रीति से पचवाँसा पूरी कोंछ कह कर होते हैं। इसी प्रकार उमरहार कुर्मी भी पचवाँसा

तथा पूरी कौंछ करते हैं। यह स्पष्ट ही है कि आचार्य के गुण दोष यजमान में जाया करते हैं। शेष जात कर्म, नामकरण, निष्क्रमण (दोलारोहण, तांबूलभक्षण) अन्नप्राशन चौल और कर्णवेध पर्य्यन्त ब्राह्मणादिकों के अनुसार उमरहारों के भी संस्कार होते हैं। गर्भाधान संस्कार तो भृष्ट रीति से ब्राह्मणों के होते हैं। तब उमरहारों के भी चतुर्थी कर्म होकर रात्रि में सहवास मात्र से होता है। उपनयन संस्कार तो बहुत से ब्राह्मण भी पुरोहित आदिक के द्वारा कराने लगे हैं। अतएव ब्राह्मणों की उपनयन पद्धति भी विगड़ी हुई है। उमरहार कुर्मी अपने कुल बृद्ध कुर्मी (कुलमित्र) की आज्ञा तथा आदेशानुसार उपनयन नहीं करते हैं। क्योंकि कुर्मी (कुलमित्र) का उपनयन नहीं हो सका था। कुमार की माता पुत्र को मंडप के नीचे अपने पति (आचार्य) के समीप लेजाकर हाथ पकड़ा देती है इस कर्म को उपनयन कहते हैं। मौञ्जी बन्ध (यज्ञोपवीत) संस्कार विवाह काल में दुर्गा यज्ञोपवीत के समय पुरोहित आचार्य द्वारा किया जाता है। कुलमित्र का पिता तो यदुबंशी क्षत्रिय था वर्ण विवेक चंद्रिका में लिखा है कि "शंकुकारात्सजाः सर्वे वभूवुश्चित्रकारिणः। कुविन्दकात्मजौ जातौ कैरी कुर्मीति संज्ञकौ"। चंद्रवंश में शंकुकार और

कुविन्द दो भाई हुये । शंकुकार के सब पुत्र चित्रकार हुये । कुविन्द के दो पुत्र हुये एक की जाति संज्ञा कैरी हुई दूसरे जिसका नाम कुलमित्र हुआ उसकी जाति संज्ञा कुर्मी हुई । पृथ्वी के अर्थ में कुः शब्द है अमरकोष में लिखा है। "गोत्रा कुः पृथिवी पृथिवी क्षमाऽवनिर्मेदिनीमही" [अ० को० कां० २ श्लो० ३] व्याकरण से 'कुङ्शब्दे' कवते [मितद्रवादित्वाद्डुः] [पा० वा० ३।२।१८०] इति कुः । समास में विभक्ति का लोप हो गया तब कु+रमी =कुरमी शब्द सिद्ध हुआ । कुरमी अथवा कुर्मी या कुलमित्र के नामाधार से भी कुर्मी शब्द जातिवाचक लौकिक है । लौकिक कोषों में कूर्म शब्द जलचर जातिवाचक कच्छप [कछुआ] के नामों में आया है । 'कूर्मेकमठ कच्छपौ' [अ० को० कां० १ व० १० श्लो० २१] व्याकरण से 'कुत्सितः कौ वा ऊर्मिर्वेगोऽस्येति कूर्मः' । 'पा० अचप्रत्यन्वव' [पा० ५।४।७५]इत्यत्र अच्च योग विभागा दच्च् समासान्तः । कु शब्द कुत्सित और पृथ्वी के नामों में आया है । 'पाप कुत्से दर्थे कु [अ० को० कां० ३ वा० ३ श्लो २४०] विश्व कोष में भी लिखते हैं । 'कुः पापे चेषदर्थे च कुत्सायां निवारणे' [इति विश्वः] कछुआ से मनुष्य होना असम्भव है अतएव कूर्म शब्द मनुष्य जात्यन्तर्गत नहीं लागू

होता। यहा पर आर्य समाजी भाई प्रत्येक विषय में सत्यार्थप्रकाश से चुटकुले चुनकर बेचारे वेद की छीछालेदर किये डालते हैं। जोकि 'तुवि कूर्मिन' इत्यादिक सम्बुद्ध शब्द इन्द्र के अर्थ में से खींच तान करके जाति के अर्थ में लाते हैं। यह महाभदेसिल काम है। वह मन्वन्तराधिपति इन्द्र का वाचक है इन्द्र शब्द जाति वाचक नहीं है किन्तु इन्द्र एक देवराज मन्वन्तरेश की पदवी का वाचक है जाति में और पदवी में महान् अन्तर है। वाहरे आर्यसमाजी गणों! कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानमती ने कुनबा जोड़ा। अच्छा भोले भाले साधु मनुष्यों को चूतिया बनाया है। इसी आर्यसमाजीय मंडल के मनुष्य [जे इन्हीं उमरहार कुर्मियों के त्यागे हुये सचानादि शब्दों से तिरस्कृत अपने को कूर्म क्षत्रिय ऐसा अन्य आर्यसमाजियों के षड्यन्त्र में फँस कर कहने लगे हैं] शुद्ध उमरहारों को भी जाति भ्रष्ट करना चाहते हैं। बहुत से उमरहार भ्रष्ट भी हो गये हैं। अब वे लोग उमरहार के अतिरिक्त चुरिहार कहे जाने लगे हैं। क्योंकि उन्होंने अपनी स्त्रियों के दाहिने हाथ में चूरी पहिरा ली हैं। नहीं ज्ञात होता कि किस जाति से दाहिने हाथ की चूरी हर कर चुरिहार बने। यह अवसर अभी छः सात ही वर्ष के भीतर का है। चाण्डाल जाति वाला भङ्गी भी जाति च्युत होने से भय करता है। फिर उमरहार

कुर्मी तो एक पवित्र यदुवंशी क्षत्रिय जाति वाले हैं अतएव उमरहार कुर्मी लोग कूर्मक्षत्री भाइयों का सादर नमस्कार करें ताकि वे कृपा करते हुये उमरहार कुर्मियों से दूर ही बने रहें। क्योंकि पूर्व समय में उमरहारों के ही त्यागे हुये सचान, उतरायल आदिक इसी देश में बसे हुये हैं। आज कल बहुत से पढ़ पशु लोग यदि वेद में कोई शब्द किसी भी जाति से मिलता जुलता देखा जाय तो वही शब्द किसी भी जाति में लागू करके उसको ब्राह्मण आदि द्विजातियों में आर्यसमाजी [जाति भ्रष्टप्राय] लोग जाति भ्रष्ट कर देते हैं। नाइयों को न्याई ब्राह्मण कहकर जाति भ्रष्ट किया। अहीरों को वैश्य कहकर जाति भ्रष्ट किया। कलारों को शिवहरे वैश्य कहकर जाति भ्रष्ट किया। इसी प्रकार तेली, नोनिया और अरख इत्यादि सभी कांधे में तिलरा डोरा डाल कर जाति भ्रष्ट हो रहे हैं। इसी प्रकार उमरहारों को कूर्म क्षत्रिय कहकर पतित कर रहे हैं। वास्तव में जिस प्रकार क्षत्रियों में गौतम, चन्देल सेंगर और परिहार इत्यादिक क्षत्रिय शब्द के बिना जोड़ कहे जाते हैं इसी प्रकार उमरहार भी क्षत्रिय शब्द को बिना जोड़े उमरहार अथवा कुर्मी कहे जाते हैं। तो कूर्म क्षत्रिय कहने की आवश्यकता किसी

वर्णसंकर जाति वाले को ही होगी। दोनों दीन ते गये पाड़े, न हलुआ भये न माड़े, की मसल इस समय बनने वालों में लागू हो रही है। देखें यह कुचक्र कहां तक घूमता है। भगवान जानैं। सचान क्यों कहाये ? जब उमरहारों में से कुछ मनुष्य गाड़ा [शकट] के समान अपने को अनेकाचार संग्रही बनाया तब उन संग्रही मनुष्यों को सचानः कह कर उमरहारों ने त्याग दिया। स = वह, च त्याग हुवा, अनः अनेकचार संग्रही शकट (गाड़ी) के सदृश है। अर्थात् जैसे गाड़ी में अनेक पदार्थ या बहुत जाति वाले मनुष्यों की सवारियाँ भर लेते हैं। तैसेही इन्होंने अपनी जाति केविरुद्ध अनेकाचार (दोनों हाथों में चूरी पहिरना तथा पुनर्विवाह कर लेना इत्यादि बहुत कुछ निन्दित आचार अपने मे भर लिया इससे ये लोग सचान हैं। तबसे कुत्सिताचारी उमरहार ही सचानः कहाये। प्रायः जहाँ उमरहार हैं वहाँ ही सचान हैं। "उमरस्या पत्यं पुमानिति, ओमरः" = औमरः = वामरः। उमरका ही वंश ओमर औमर वामर इत्यादिक नामों से पञ्चाल देश में ही प्रसिद्ध वैश्य हैं। उमर शब्द का अर्थ वैश्य है। उमर की मुख्य जीविका खेती है जबसे उमर वंशज कन्या और जीविका वृत्ति कुरमी (कुल-

मित्र) ने हर लिया तबसे उमरहार कहाये । कुलमित्र का अर्थ इस प्रकार है---

"कुलं जनपदे गोत्रे सजातीय गणेऽपिच । भवने चतनौ क्लीवम्" । (इति मेदिनी) "सजातीयैः कुलमित्यमरः" (अमर० कां २ व० ६ श्लो० ४१) "संततिर्गोत्र जननं कुलान्यभिजनान्वयौ । वंशोऽन्ववायः सन्तानः' इत्यमरः (का०२ व० ब्रा०७ श्लो०१) "वंशो वेणौकुलेवर्गे पृष्ठाद्यवयवेऽपिच,, (इति विश्वमेदिन्यौ) व्युत्पत्तिश्च = कूयते कुङ्शब्दे (भ्वा० आ० से०) "वाहुल काल्लक्,, इतिकुलम् । यद्वा-कोलति-कुंलसंस्त्याने "इगुपध (पा० ३।११।१३५) इति कोवा । यद्वा-कुंभूमिं लातीतिकः (पा० ३।२।३) वो । यद्वा कौलीयते-लीङ्श्लेषणे (दि० आ० अ०) अन्येभ्योऽपि (पा० ३।२।१०१) इतिडःकुलम् । कुल शब्द के इतने नाम हैं-जनपद, गोत्र, सजातीयगण, भवन, तनु, इत्रि । मित्र-शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है । मित्र इति-"द्युमणि स्तरणिर्मित्र श्चित्रभानुर्विरोचनः" । इत्यमरः (का०१ व०३-श्लो०३०) "मित्रं सुहृदिनद्वयोः । सूर्येपुंसिस्त्रियां गन्ध द्रव्ये दैत्यान्तरे पुमान्,, इति मेदिनी । "मित्रं रवावपि,, । इत्यमरः (कां०३ व०३ श्लो०१६७) । व्याकरणा व्युत्पत्तिः ञिमिदा स्नेहने (दि०प० से०) 'अमिचमि दिशासिभ्यःक्रः'

(३० ४।१६४) इतिमित्रः । मित्र शब्द का अर्थ सूर्य और सुहृत् है 'यद्वा-कुलऽथवा कुलस्य मित्रः कुलमित्रः' वंश का सूर्य अथवा वंश में सूर्य जो हो वह कुलमित्र कहाता है । सूर्य शब्द का इस प्रकार अर्थ है किसरति सृगतौ [भ्वा० प० अ०] सुवति प्रेरयति कर्माणि लोकानितिवा । षू प्रेरणे [तु० प० से०] राजसूय सूर्य [पा० ३।१।१४४] इतिनिपातितः सूर्य इति । जो कर्म में प्रेरणा करै लोगों को उसको सूर्य कहते हैं । कुलमित्र ने अपने वंश के सजातीय सदाचार, कुलाचार कर्म में प्रेरणा किया वंशजों को अर्थात् संतानों को इससे कुलमित्र, कुलमी, कुरमी और कुर्मी कहाया । यह कुलमित्र जाति का सूर्य हुवा । अपने वंश में जो सूर्यवत् हो उसको कुलमित्र कहते हैं । कुलमित्र (कुर्मी) नाम से तथा कर्म व्यवहार से भी वास्तव में सूर्य ही हुवा । कुं भूमिं लाति इतिकुलः कुलंमीयते इति कुलमी । "योग विभागादच्" 'अत-इनिठनौ' यद्वा-"कौ पृथिव्यां रमत इति कुरमः योग विभागा-दच् प्रत्ययः' 'कुरमोऽस्यास्तीति' कुरमी, इति इनि प्रत्ययः । "कुर्मीयत इति कुरमी" इति किए् प्रत्ययः । कुलमी, कुरमी और कुर्मी ये तीनों प्रकारा से सिद्धि शब्द । वर्ण विवेक चिन्तामणि कार 'कैरी कुर्मीति संज्ञकौ' कह कर कुर्मी शब्द को जाति वाचक बताया है । महर्षि पराशर ने अपने श्लोक में 'कुलमित्र' कह कर जाति प्रख्यात करने वाले का नाम बताया है ।

अतएव दोनों प्रमाणों से सिद्ध हुवा कि कुर्मी जाति का प्रादु-र्भाव कुर्मी (कुलामित्र) से हुवा। कुर्मी 'कुलामित्र' भारत-वर्ष के मध्य में आर्यावर्तान्तर्गत पञ्चाल (अन्तर्वेद) देश में उत्पन्न हुये ! "आसमुद्रान्तु वै पूर्वादा समुद्रात्तु-पश्चिमात् । तयोरेवन्तरे गिर्योरार्यावर्तं विदुर्बुधाः ।" (मनु० २।२१) हिमवन्विंध्ययोर्मध्ये यत्प्राग्विनशनादपि । प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः । [मनु० २।२१] सरस्वती दृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम् । तंदेव निर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्ष्यते । (मनु० २।१७) एवंत्वन्तर्वेदस्यापि ज्ञेयम् । "सरस्वती दृषद्वत्योदेवनद्योर्यदंतरम् । तं देवनिर्मितं देशमन्तर्वेदं प्रचक्ष्यते" (का० वं० १।१२) "यागतिर्योग युक्तानां मुनिना मूर्द्ध्वरेतसाम्" सागतिः सर्व जन्तू नामतन्वेंद निवासिनाम् ।" [का० वं० १।१३] मनु महर्षि भारतवर्ष के मध्य में मध्य (आर्यावर्त] देशान्तर्गत पाञ्चल देश अथवा अन्तर्वेद भूमि गंगा यमुना नदी के मध्य तथा प्रयाग से पश्चिम और विनशन से पूर्व बताया है। जो गति योगयुक्त मनुष्यों की, मुनियों की और ऊर्ध्व रेतावों की होती है। वह गति अन्तर्वेद में रहने वाले समस्त प्राणियों की होती है। ऐसी पवित्र अन्तर्वेद भूमि में कुबिन्द के पुत्र कुर्मी [कुलामित्र] का जन्म पराशर

महर्षि के समय में हुआ । पराशर का समय वेदव्यास "कृष्ण द्वैपायन" का जन्म समय ही है । महाभारत के समय में पराशर महर्षि थे । इसी समयान्तर्गत में कुर्मी [कुलमित्र] का जन्म कुविन्द नामक यदुवंशी कुलान्तर्गत भोज वंश में हुआ । अब माठी शब्द की व्याख्या किस प्रकार है सो देखिये कि—माठी का शुद्ध नाम मार्ष्टिः है। "स्यान्मार्ष्टिर्मार्जनीमृजा" । इत्यमरः (का० २ व० ६ श्लो० १२१) मार्जनम् । मृजु शौचालंकरणयोः [चुरादिगणः] आवादित्वात् [वा० ३।३ ६४] क्तिन् तितुत्र [पा० ७।२। ६] इति नेह । 'णिलोपः' (पा० ६।४।५१) इति मार्ष्टि बाहुल कान्तिः । इत्यन्ये । अतएव कुल परम्परा में दोषो को मार्जन करने वाली तथा आभूषणवत दक्षिण कर [हाथ] की शोभा बढ़ाने वाली यह "मार्ष्टिः" नाम का अभूषण पट्टावत चूरिका सुवर्ण अथवा रौप्य [चांदी] की होती है । प्रायः यदुवंशियों का आभूषण भी है। परन्तु वीराङ्गना का आभूषण का मार्ष्टिः हैं । कंकण दाहिने हाथ में उमरहारों की स्त्रियों के बांधा जाता है कङ्कण, विद्रुम मौक्तिक और सुवर्ण तथा सूत्र का बनता है। प्रमाण 'कंकणं कर भूषणम्' इत्यमरः (कां० २ म० व० ६ श्लो० १०८) "कंकणं कर भूषायां सूत्र भण्डनयोरपि ।" (इति मेदिनी) व्याकरण से ।

"कंशुमं कणति । कण शब्दे [भा० पा० से०] बहुलमन्य-त्रापि [उ० २।७८] इति । "अनुदात्तेतश्चहलादेः (पा० ३।२।१४९) इति वायूच् । "प्रषोदरादित्वात् (पा० ६।३। १०९) णत्वम् । इति कंकणम् । "हस्त मण्डन सूत्रे-स्यात्कंकणोना प्रतीसरः ।" इति रत्नकोष । "क्लीवं मंडने सूत्रे कंकणं कर भूषणम् ।" इति रभसः । कंकण भी प्रायः राजाओं अर्थात् क्षत्रियों के ही हाथ में बांधा जाता है। "स्वधर्मः परम श्रेयः परधर्मो भयावहः ।" अपना धर्म ही परम श्रेष्ट है । पर धर्म अर्थात दूसरे का धर्म भय प्रवाहक है । सदैव जाति चुतादिक दोषों के समूह रूप भय को बहाता अर्थात् प्रवाहित करता रहता है । अतएव अपने धर्म में रहना यह सत्पुरुषों का परम कर्तव्य है । उमरहार कुर्मी सदा से धर्म रक्षण में शूरवीर ही रहे हैं क्योंकि जो कुछ क्षत्रिय जाति का चिन्ह है वह यह ही है कि स्त्रियों के दाहिने हाथ में कंकण और माष्टिः मात्र धारण करा कर वीर पत्नी का कर पवित्र रखना है । तथा पृथ्वी में ही रमना अथवा पृथ्वी का भोक्ता होना भी है । तथा राक्षस विधान (डोला डालकर) से विवाह करना क्षत्रिय का मुख्य विवाह संस्कार है । यह उमरहारों के यहां अभी भी प्रचलित है । दुर्गा यज्ञोपवीत काल में बर का मौंजी

बन्ध होना उमरहार कुर्मियों की पद्धति है [दशवारी के पश्चात् उपवीत विसर्जन कर देना परन्तु प्रैस नहीं करना यह पद्धति कुर्मी के समय से अब तक चालू है। वर्तमान समय में तो बहुत से ब्राह्मण जाति में उत्पन्न होते हुये सावित्री पतित हो रहे हैं क्षत्रिय वैश्य तो अपनी त्रिष्टुप् सावित्री को भूल ही गये हैं। बहुत से क्षत्रिय वैश्य गायत्री सावित्री को ही तीनों वर्ण की सावित्री माने हुये हैं। अतएव इस समय में तो वर्णाश्रम धर्म अज्ञानियों से भरपूर अच्छादित हो (ढँक) रहा है। वर्णाश्रम धर्म का तो अभाव सा प्रतीत हो रहा है ऐसे विप्लवकाल में तो उमहार कुर्मी ही बहुत शुद्ध प्रतीत हो रहे हैं। वर्णाश्रम धर्मावलम्बी पाये जाते हैं। क्योंकि इन लोगों ने अपनी प्राचीन पद्धति को नहीं त्याग किया है। महाराजा भोजराज के समय संस्कृत वाणी का प्रचार शूद्रों तक में फैल गया था। भारतवर्ष की प्रधान भाषा देववाणी संस्कृत ही है। इससे अनुमान किया जा सकता है। कि सम्भवतः श्रीमहाराजा भोजराज के समय में ही इस उमरहार कुर्मी वंश का कोई वंशज अपना स्वजातीय शृंगार तथा अन्यान्य व्यवहार बदल डाले होंगे अतएव तब से उमरहार लोग उस स्वजातीय वंशज को 'सचानः' हिन्दी भाषा

में बिसर्ग लोप करके नाम लिया जाता है। इससे 'सचान' कहने लगे तबसे सचान भिन्न होगये। सचान शब्द की व्याख्या इस प्रकार है। साकार सजातीय परोक्षार्थ विधायक कर्ता के अर्थ में है और चकार "चकारः पाद पूरणे पक्षान्तरे हेतौ विनिश्चये" इति त्रिकण्डशेषः। "चान्वाचय समाहारे तरेतर समुच्चये" इत्यमरः (कां ३ वर्ग ३ श्लो० २४१) इति। यहां पर चकार का पक्षान्तर के अर्थ में ग्रहण किया है क्योंकि वे जाति भिन्न व्यवहार करने से पक्षान्तर में चले गये अनः- व्याकरण से इस प्रकार बना है "क्लीवेऽनःशकटेस्त्री स्यात्" इत्यमरः (कां० २ वा० ८ श्लो० ५२) शन्कोति भारंवोढुम्। जीवयितुंवा तदुक्तम् "शकटः शाकिनी गायोयान मास्कन्दनं स्वयम्। अनूपः पर्वतोराजा दुर्भिक्षेनव वृत्तयः" इति। अनिति चीत्करोति। अनप्राणने (अ० प० से) असुनन् (उणादि० ४।१८९) इति अनः शकट इत्यर्थः। नवीन वृत्ति धारण करने के हेतु से शकट अर्थ वाला 'अनः' शब्द ग्रहण करके सचानः कहकर पतित उमरहारों ने स्वजाति से भिन्न कर दिया तब से त्यक्त उमरहार कुर्मी ही सचान कहे जाने लगे। आधुनिक काल में भी उमरहार वंशज कोई कोई कुर्मी लोगों की स्त्रियां दोनों हाथ में चूड़ियां पहिनने लगी है।

और पुरुषों ने तीन लर का डोरा बायें कांधे में धारणकर लिया है। वे लोग चुरिहार कहे जाते हैं। यदि स्वजातीय पुरुष किन्ही कारणों से जातिच्युत हो जावे और बीसवर्ष के भीतर का हो तो वह व्रात्य संस्कार करके स्वकुलोचित व्यवहार करै तथा अपने पूर्व वंश में मिल जावे। ऐसी शास्त्र की आज्ञा है। यदि हठ से जातिच्युत हो जावे तो वह कभी भी शुद्ध नहीं हो सकता है। ऐसा भी शास्त्र में है। उतरायल भी उमरद्दारों से ही यवन राज्य के समय में विक्षिप्त हुये हैं। यवन राज्य समय का बोधक उतरायल शब्द ही है। अपना से जो नीचे उतर जावे उसका उर्दूभाषा में उतरायल कहते है। अब उतरायल शब्द प्रकृत हिन्दी भाषा में व्यवहृत है। सुना जाता है कि विधवा विवाह करने के कारण तथा मार्ष्टिः त्याग कर दोनों हाथों में शस्त्र [चूरी] पहिना लेने के कारण भी उतरायल कहाये। सचानों में भी कोई कोई लोग विधवा विवाह करने लगे हैं। विधवा विवाह अत्यन्त नीच व्यवहार है। "नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषुनियोगः कीर्त्यते क्वचित्। न विवाह विधावुक्तं विधवावेदनं पुनः। अयंद्वि जैर्हिविद्वद्भिः पशुधर्मो-विगर्हितः। मनुष्याणामपि पोक्तोवेने राज्य प्रशासति। [मनु० ९।६५-६६] यह प्रथा अन्त्यज जातियों में हैं। अच्छे शूद्र भी विधवा विवाह नहीं करते हैं। अक्षति योनि

[जिसका विवाह होकर चौक नहीं हुई हो अर्थात् छः भाँवरें हो चुकी हों सातवीं भाँवर होने को शेष हो वह कुमारी के सदृश अक्षतयोनि कही जाती है] होवे तो उसका विवाह देवर के साथ हो सकता है। अक्षतयोनि का विवाह अन्य वर के साथ भी होना शातातपस्मृति में कहा गया है। ऐसा प्रमाण शास्त्र में है। "सचेदक्षत योनि" (मनु ९।१७६) इत्यादि मनु आदिक स्मृतियों में कहा गया है। अतएव उमरहार कुर्मियों के यहां अक्षत योनि पुनर्भू का विवाह कर लेना प्राचीन काल से चला आता है। इससे सिद्ध हुआ कि उमरहार कुर्मी इस अन्तर्वेद भूमि में माथुर देश से आकर बसे हैं। अब भी इसी पञ्चाल देश में रहते हैं। भोजराज के समय में सचानों की एक शाखा उमरहारों से भिन्न हो गई तथा यवन राज्य के समय से उतरायलों की भी एक शाखा भिन्न हो गई है। आधुनिक काल में भी इन्हीं उमरहारों से ही चुरिहारों की एक शाखा भिन्न हुई जारही है। बड़े शोक की बात है कि शुद्ध उमरहार कुर्मी वंशज होते हुये निर्दोष रह कर भी केवल जातिच्युत लोगों के बहकाने से केवल स्त्रियों को दाहिने हाथ में चूरियां पहिरा कर और माष्टिः कंकण को उतरवाकर तथा स्वतः (पुरुष लोग) बांयें कांधे में तीन लर का डोरा डालकर

जातिच्युत हुये जा रहे हैं। देखो जब अग्नित्रय ने अग्नित्व को त्यागता है तब भस्म होकर राख मात्र रह जाता है। ऐसे उमरहार कुर्मी अपने शुद्ध धर्म को त्याग करके क्या हो जावेंगे ? यह महान चिन्ता जनक घटना है। वे जातिच्युत होकर किस जाति में मिलेंगे ज्ञात नहीं होता। प्रसंग वश जाति शब्द की भी मांसा करनी उचित है अतएव जाति शब्द इस प्रकार है सो कहते हैं कि "जातिर्जाति च सामान्यम्,, इत्यमरः (कां० १ वर्ग ४ श्लोक ३१) "जातिः सामान्य गोत्रयोः,,। इतिहैमः। जायते जनी प्रादुर्भावे (दि० आ० से०) क्तिच् क्तौ च् (पा० ३।३।१७४) इति क्तिच्। जनसन [पा० ६।४।४२] इत्यादि नात्वम्। तितुत्र (पा० ७।२।६) इतिनेट्। इति जातिः। प्रादुर्भावस्य कोऽर्थः। "प्रकाश्येप्रादुरविः स्यात्" इत्यमरः। [कां० ३ वर्ग ४ श्लो० १२) यद्वा "नाम प्रकाश्ययोः प्रादुः,, इत्यमरः (कां० ३ वर्ग ३ श्लो० २५६] प्रान्दति अदि वन्धने [भ्वा० पा० से०] वाहुल का दुस्। आगम शास्त्र स्यनित्मत्वान्ननम्। प्राप्तिवा ['अदभक्षणे, [आ० १ आ०] उस् नाम् शब्दार्थे। यहां पर प्रकाश्य के अर्थ में अदि वन्धने धातु से उस प्रत्यय से प्रादुर शब्द हुवा और भवतीतिः भावः "भावोविद्वान" इत्यमरः (कां० १ व० ७ श्लो० १२) "भावः

सत्ता स्वभावाभिप्राय चेष्टात्म जन्मसु" । इत्यप्यमरः (का० ३ वर्ग ३ श्लो० २०७) भावयन्ति-पचद्यच् (पा० ३।१।१३४) भवनंवा । ' श्रिणीभुवोऽनुपसर्गे (प० ३।३।२४) इतिधञ् । अपने जन्म का प्रकाश होना अर्थात् वीज परम्परा से प्रकाशित होने का प्रादुर्भाव कहते हैं । अतएव जनी प्रादुर्भावे धातु सेक्तिच् प्रत्यय होने से जाति शब्द है इससे सिद्ध हुवा कि जो बीज परम्परा से बहुत काल तक संसार में प्रकाशित रहै उसको जाति ऐसा कहते हैं । तो फिर जाति बदलना किस प्रकार होता है ऐसी शंका होती है । जाति बदलने के विषय में छान्दोग्य, वृहदारण्यक आदिक उपनिषदों में भली भांति सम्पादन किया गया है । च्छान्दोग्योपनिषत् (आ० ५ खं० ३ से आरम्भ करके खण्ड १० पर्यन्त) प्रमाणित किया है । शुक्ल यजुर्वेद सं० (अ० १६ कंडिका ४७) वृहदारण्य कोपनिषत् [अ० ६ ब्राह्मण २ से प्रारंभ करके समस्त द्वितीय ब्राह्मण]प्रमाणित करता है । जाति बदलने के विषय को इति । मनुमहर्षि लिखते हैं कि "सरस्वती दृष द्वत्योर्देवन द्योर्यदन्तरम् । तंदेवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्त पचक्षते" । [मनु० अ० २ श्लो० १८] "तस्मिन्देशय आचारः पारंपर्य क्रमागतः । वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते" । [मनु० अ० २।१६] इसी अन्तर्वेद [ब्रह्मावर्त] भूमि में ही जिस प्रकार

का आचार परंपरा से चला आया है ब्राह्मणादिक वर्णों का अथवा अन्यान्य जातियों का भी वह सदाचार कहाया है। जो कुछ कुल में आचार होते चला आया वह कुलाचार कहाया। समस्त जातियों का निश्चायक सदाचार, कुलाचार ही सदा के लिये रहता है। सरस्वती नदी पंजाब देश के अंबाला जिले में प्रगट हुई है मध्य में कई स्थानों में गुप्त प्रगट होती हुई पटिया राज्यान्तर्गत गाघरा (घाघरा) में मिल गई है। घाघरा का मुख्य नाम दृषद्वती है। ब्रम्हावर्त के अतिरिक्त देश में ब्रह्मर्षि देश कहे गये हैं। "कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनकाः। एस ब्रम्हर्षि देशो वै ब्रम्हावर्ता दनन्तरः„। (म० २। १९) इसी ही ब्रह्मर्षि देश में पराशर, वेदव्यास और द्रोणाचार्य के समय में जिसका व्यतीत काल आज से लग भग सवा पांच हजार वर्ष होता है। जब कृष्णावतार हुवा था उस समय उग्रसेन का राज्य था। उग्रसेन यदुबंशी क्षत्रिय थे। उग्रसेन का पुत्र कंस यदुबंशियों को बहुत सताया था यहां तक कि वे यदुबंशी (कुरु, अंधक, भोज, शूरसेन आदि बंश वाले) मथुरा प्रान्त त्यागकर कंश के भय से शाल्व, विदर्भ, निषध, व विदेह तथा कोशल, कुरु, कैकय, और पञ्चाल देशों में जाकर बस गये थे। श्रीमद्भागवत पुराण के दशम स्कंध के दूसरेही अध्याय में बहुत कुछ

लिखा है। जैसे "ते पीडिता निविविशुः कुरु पञ्चाल कैकयान्। शाल्वान्विदर्भान्निषधा न्विदेहान्कोशलावपि"। (भा० स्कं० १० अ० २ श्लो० ३) चन्द्रवंश तथा यदुवंश का वर्णन भागवत के नवम स्कंध के चौदहवें अध्याय से आरम्भ करके चौवीसवें अध्याय पर्यन्त भली भाँति सम्पादन किया गया है। उस समय इस पाञ्चाल देश (अन्तर्वेद भूमि के ब्रह्मावर्त मंडल) में भोज वंशीय यदुवंशी क्षत्रिय आकर बस गये थे। उन भोज वंशियों में से कुविन्द नामक यदुवंशी क्षत्रिय के दो पुत्र हुये। जेठे का नाम कैरी और छोटे का नाम कुर्मी हुआ। व्याकरण से "कुर्मीयते" इति कुर्मी इतिकिप् प्रत्ययः। कुर्मी क्षेत्र वृत्ति से आजीवन व्यवहार किया। कुविन्द ने ही स्वजातीय क्षेत्र में कैरी और कुर्मी को उत्पन्न किया था। वर्ण विवेक चन्द्रिका कार कुविन्दक ऐसी संज्ञा के अर्थ में कन्का आगम करके लिखते हैं। कुर्मी ही का उपनाम कुलमित्र हुआ। कहा भी है कि "परोक्षप्रियाहिदेवाः" (एतरेयब्राह्मण अ० १३ खण्ड ६-३३) देवता लोग परोक्ष नाम अर्थात् उपनाम उच्चारण करने में विशेष प्रसन्न रहते हैं। अतएव कुलमित्र यह परोक्षनाम (उपनाम) ही प्रधान नाम हो गया। कुलमित्र ने वैश्य कन्या का विवाह करके जो सन्तान उत्पन्न की उनमें से एक पुत्र कैरी शूद्र वर्ण में

